देवी अहिल्या विश्वविद्यालय पेंशनर्स एसोसिएशन, इन्दौर (म.प्र.)

(पंजीयन क्रमांक 03 / 27 / 03 / 09594 / 06 दिनांक 18/10/2006)

169, विश्वविद्यालय परिसर, आर.एन.टी. मार्ग, इन्दौर – 452 001

अध्यक्ष	उपाध्यक्ष	सचिव	सह-सचिव	कोषाध्यक्ष
हनुमंतसिंह रघुवंशी	बी.डी. कुशमोतिया	प्यारेलाल नकसवाल	श्यामलाल जायसवाल	दिगम्बर पाटील
98273 37138	96699 26148	94253 14750	99268 77351	94259 64584

कार्यकारिणी सदस्य : आर.बी. यादव 99070 87338 • महेन्द्र राठौर 98260 67316

विशेष आमंत्रित सदस्य : कुकालाल गुर्जर 98937 66628 • श्रीमती अर्चना ऊंटवाल 97549 45966

दिनांक 13 / 1 / 2020

प्रेस समाचार

विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स की उच्च शिक्षा मंत्री से भेंट, शिक्षा मंत्रीजी ने दिया आश्वासन शीघ्र पुरी होगी मांगे ।

इन्दौर । मध्य प्रदेश विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स एसोसिएशन महासंघ की वार्षिक बैठक दिनांक 11 जनवरी 2020 को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के संयोजन में तथा महासंघ के अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में भोपाल में प्रातः 11.30 बजे से आयोजित की गई ।

इस बैठक में विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स को मिल रही मंहगाई राहत 125 प्रतिशत के स्थान पर शेष रही मंहगाई राहत 154 प्रतिशत के भुगतान एवं पेंशन में सातवा वेतनमान लागू करने के संबंध में प्रदेश के समस्त 6 शासकीय विश्वविद्यालयों से आये प्रतिनिधियों ने अपने विचार प्रकट किये । विचारोंपरांत निर्णय लिया गया कि कार्यरत शिक्षक अधिकारी एवं कर्मचारी तथा पेंशनर्स महासंघ के साथ मिलकर एक संयुक्त संघर्ष समिति बनाई जावे तथा इस संघर्ष समिति के माध्यम से 154 प्रतिशत महगाई राहत एवं सातवे वेतन मान से पेंशन का लाभ प्राप्त करने के लिये एक जुटता के साथ संघर्ष करने की सहमति बनी ।

विश्वविद्यालय पेंशनर्स महासंघ के सदस्य तथा बरकत उल्लाह विश्वविद्यालय पेंशनर्स संघ के श्री तारीक जफर के अनुरोध एवं भोपाल मध्य के विधायक श्री आरिफ मसूद के अनुरोध पर महासंघ की बैठक के दौरान ही माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री जीतु पटवारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री सुरेश पचोरी जी भी माननीय विधायक आरिफ मसूद के साथ बैठक में उपस्थित हुवे । माननीय शिक्षा मंत्री जी एवं सुरेश पचोरी जी के समक्ष महासंघ के अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा जी ने विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स को छत्तीस गढ शासन के अनुसार ही छठे वेतनमान में 154 प्रतिशत मंहगाई राहत के भुगतान एवं सातवें वेतनमान से पेंशन के भुगतान के संबंध में ज्ञापन देते हुवे विशेषकर चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी के पेंशनर्स को आ रही समस्याओं को रखा । साथ ही मंत्रीजी को यह भी अवगत कराया गया कि अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के कर्मचारी/ शिक्षकों को शासन पूर्ण रूप से पेंशन का भुगतान कर रहा है तो विश्वविद्यालयों के पेंशनर्स के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है ।

माननीय मंत्रीजी ने विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स की उक्त मांगों के संबंध में शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया । साथ ही मानीय श्री सुरेश पचोरी जी ने तथा माननीय विधायक महोदय ने भी कहा कि वे छत्तीसगढ के समान ही प्रदेश के विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स को भी शेष रही मंहगाई राहत एवं सातवें वेतनमान से पेंशन प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री जी बात कर शीघ्र ही समाधान करेंगे । साथ ही उन्होने कहा कि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स में भेदभाव नहीं होना चाहिये ।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय पेंशनर्स एसोसिएशन, इन्दौर (म.प्र.)

(पंजीयन क्रमांक 03 / 27 / 03 / 09594 / 06 दिनांक 18/10/2006)

169, विश्वविद्यालय परिसर, आर.एन.टी. मार्ग, इन्दौर – 452 001

अध्यक्ष	उपाध्यक्ष	सचिव	सह-सचिव	कोषाध्यक्ष
हनुमंतसिंह रघुवंशी	बी.डी. कुशगोतिया	प्यारेलाल नकसवाल	श्यामलाल जायसवाल	दिगम्बर पाटील
98273 37138	96699 26148	94253 14750	99268 77351	94259 64584

कार्यकारिणी सदस्य : आर.बी. यादव 99070 87338 • महेन्द्र राठौर 98260 67316

विशेष आमंत्रित सदस्य : कुकालाल गुर्जर 98937 66628 • श्रीमती अर्चना ऊँटवाल 97549 45966

बैठक में माननीय विधायक द्वारा सभी उपस्थित पेंशनर्स का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया एवं साथ ही सभी पेंशनर्स को स्नेह भोज भी दिया गया ।

इस अवसर पर पेंशनर्स महासंघ के अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष श्री तारीक जफर, महासंघ के उपाध्यक्ष श्री दिजीप जवसे महासंघ के महासचिव श्री भट्ट, कार्यरत कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष श्री राकेश गुर्जा, महासचिव श्री लखन परमार, उज्जैन से डॉ.वशिष्ठ, ग्वालियर से श्री टी.सी गुप्ता, रीवा से श्री गर्ग देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से अध्यक्ष श्री एच.एस.रघुवंशी , सचिव श्री प्यारेलाल नकसवाल कोषाध्यक्ष श्री दिगम्बर पाटील , श्री महेन्द्र राठौर तथा श्री बी.डी. कुशगोतिया, भोपाल से श्री सुधीर ठाकरे तथा श्री धीरेन्द्रसिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

बैठक का संचालन एवं आभार प्रदर्शन महासंघ के उपायक्ष श्री दिलीप जवसे के द्वारा किया गया ।

(प्यारेलाल नकसवाल)
सचिव

प्रति
श्रीमान सम्पादक महोदय, दैनिक इन्दौर की ओर सादर प्रकाशनार्था ।

सचिव